तत्काल / फैक्स

प्रेषक,

महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

1— समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

2— समस्त वित्त अधिकारी, माध्यमिक / बेसिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।

पत्रांकः अर्थ—1 / 23661-65 / 5क(02) / आय—व्ययक / ब0मि0 / 2015—16 दिनांक 21 नवम्बर, 2015

विषयः— वित्तीय वर्ष 2015—16 के द्वितीय त्रैमास (जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर) के आय—व्ययक के मिलान के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्तीय वर्ष 2015—16 के द्वितीय त्रैमास (जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर) के आय—व्ययक के समेकित आंकड़े तथा वाउचर विवरण महालेखाकार उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.agua.cag.gov.in पर दायीं ओर Reconciliation में महालेखाकार द्वारा डाटा अपलोड किया गया है। उक्त डाटा को डाउन लोड किये जाने हेतु महालेखाकार उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.agua.cag.gov.in पर जाकर दायीं ओर Reconciliation में Second Quarter पर Click करने पर प्रदर्शित समस्त बजट नियंत्रण अधिकारियों की सूची में से **School Education** में जाकर डाटा डाउनलोड करें। उक्त डाटा में उपलब्ध आंकड़ो का मिलान विभागीय (जनपद के अन्तर्गत आहरित सभी लेखा शीर्षकों के वाउचर) आंकड़ो से करें। बजट मिलान के उपरान्त महालेखाकार कार्यालय में दर्ज आंकड़े एवं विभागीय आंकड़ो में भिन्नता / अन्तर पाया जाता है, तो सम्बन्धित धनराशियों का वाउचरवार समायोजन मेमों निदेशालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या अर्थ—1 / 20732—35 / 5क(02) / आय—व्ययक / मि0(प्र0त्रै0) / 2014—15 दिनांक 30—09—2014 के अनुसार तैयार कर आवश्यक समर्थित पत्राजातों के साथ इस कार्यालय को **दिनांक 28.11.2015** तक आवश्यक रूप से उपलब्ध करायें। लेखों में पायी गयी भिन्नताओं का कोषागार के लेखों से भी समाशोधन किया जाना आवश्यक हो तो कर लिया जाय। विभागीय आंकड़ो के सापेक्ष कोषागार के लेखों में त्रुटि पाये जाने की स्थिति में लेखा संशोधन कोषागार के माध्यम से महालेखाकार उत्तराखण्ड को प्रेषित किया जाना आवश्यक है।

भवदीय,

21/11/15

(दिपाली नरहर राऊत)
सहायक लेखाधिकारी,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,
देहरादून।

पृ0सं0ःअर्थ—1 / / 5क(02) / आय—व्ययक / ब0मि0 / 2015—16 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, ओबरॉय बिल्डिंग, माजरा, देहरादून।
2— सचिव, माध्यमिक / बेसिक शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
3— अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा / प्रारम्भिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी / कुमांऊ मण्डल, नैनीताल।

(दिपाली नरहर राऊत)
सहायक लेखाधिकारी,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,
देहरादून।